SAMSKRITA SIKSHA

PART - III

विषय-सूची

अभ्यास	शब्द	धातु	कारक	प्रत्ययादि	वर्ग	पृष्ठ
१	राम	लट् आ०	प्रथमा	—	—	२
२	गृह	लोट् ,,	द्वितीया	—	—	४
३	रमा	लङ् ,,	,,	—	—	६
४	हरि	वि० लिङ्	,,	—	—	८
५	गुरु	लृट् ,,	तृतीया	—	—	१०
६	कर्तृ	लभ्	,,	—	—	१२
७	भगवत्	वृध्	,,	—	—	१४
८	गच्छत्	मुद्	चतुर्थी	—	—	१६
९	करिन्	सह्	,,	क्त	—	१८
१०	पथिन्	याच्	,,	क्तवतु	—	२०
११	नदी	नी	,,	शतृ	विद्यालय०	२२
१२	वधू	दृ	,,	तुम्	लेखनसामग्री०	२४
१३	मातृ	इष्	पंचमी	त्वा	क्रीडास्थान०	२६
१४	दिश्	स्पृश्	,,	ल्यप्	वस्त्रादि०	२८
१५	क्षुध्	प्रच्छ्	,,	तव्य	भोजन०	३०
१६	वारि	स्था	,,	अनीय	गृह०	३२
१७	जगत्	दृश्	,,	ल्युट्	शरीरांग	३४
१८	नामन्	गम्	,,	तृच्	संबन्धि०	३६
१९	शर्मन्	पा १	षष्ठी	ण्वुल्	जाति०	३८
२०	युष्मद्	चुर्	,,	क्तिन्	पशु०	४०
२१	अस्मद्	चिन्त्	,,	दीर्घ संधि	पक्षि०	४२
२२	सर्व	कथ्	,,	गुण ,,	जल०	४४
२३	किम्	भक्ष्	,,	वृद्धि ,,	यात्रा०	४६
२४	तत्	कृ	,,	यण् ,,	आपण०	४८
२५	एतत्	अस्	सप्तमी	अयादि०	आभूषण०	५०
२६	यत्	पा २	,,	श्चुत्व	धान्य०	५२
२७	चतुर्	या २	,,	विसर्ग ,,	फल०	५४
२८	पंचन्	शी	,,	विसर्ग ,,	प्रश्नोत्तर	५६

परिशिष्ट

(क) शब्दरूप-संग्रह ५८
(ख) धातुरूप-संग्रह ६०

संस्कृत-शिक्षा की विशेषताएँ

१. इसमें भाषा-शिक्षण की नवीनतम वैज्ञानिक पद्धति अपनाई गई है तथा अत्यन्त सरल और रोचक ढंग से संस्कृत की दिक्षा दी गई है।

२. संस्कृत-शिक्षा ५ भागों में पूर्ण हुई है। यह कक्षा ६ से १० तक के छात्रों के लिए विशेष उपयोगी है। प्रत्येक कक्षा के लिए एक-एक भाग है।

३. प्रत्येक भाग में प्रयत्न किया गया है कि उस स्तर से संबद्ध व्याकरण का अंश उस भाग में विशेष रूप से सिखाया जाय।

४. अभ्यासों के द्वारा व्याकरण की शिक्षा दी गई है।

५. प्रारम्भिक छात्रों के लिए उपयोगी सभी बातें इसमें दी गई हैं।

६ प्रत्येक अभ्यास के लिए केवल दो पृष्ठ दिए गए हैं।

७. प्रत्येक अभ्यास में व्याकरण के एक या दो नियमों का अभ्यास कराया गया है। साथ ही आवश्यक शब्दावली भी दी गई है।

८. उदाहरण-वाक्यों के द्वारा व्याकरण के नियमों को स्पष्ट किया गया है। उनसे मिलते-जुलते हुए ही वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कराया गया है।

९. प्रत्येक अभ्यास में कुछ विशेष शब्दों, धातुओं या प्रत्ययों आदि का अभ्यास कराया गया है।

१०. परिशिष्ट में आवश्यक शब्दों और धातुओं के रूप दिए गए हैं।

कपिलदेव द्विवेदी आचार्य

आवश्यक-निर्देश

१. संस्कृत में ३ लिंग (Genders) होते हैं। उनके नाम और संक्षिप्त रूप ये हैं :— १. पुंलिंग (पुं०) (Masculine Gender), २ स्त्रीलिंग (स्त्री०) (Feminine Gender), ३. नपुंसकलिंग (नपुं०) (Neuter Gender)।

२. संस्कृत में ३ वचन (Numbers) होते हैं। उनके नाम और संक्षिप्त रूप ये हैं :— १. एकवचन (एक०) (Singular), २. द्विवचन (द्वि० या द्विव०) (Dual), ३. बहुवचन (बहु०) (Plural)।

३ संस्कृत में ३ पुरुष (Persons) होते हैं। उनके नाम और संक्षिप्त रूप ये हैं :— १. प्रथम पुरुष या अन्य पुरुष (प्र० पु० या प्र०) (Third Person), २. मध्यमपुरुष (म० पु० या म०) (Second Person), ३. उत्तम पुरुष (उ० पु० या उ०) (First Person)।

४. संस्कृत में अधिक प्रयुक्त लकार (Tenses & Moods) ६ हैं। उनके नाम तथा अर्थ ये हैं :—१. लट् (वर्तमान काल) (Present Tense), २. लोट् (आज्ञा अर्थ) (Imperative Mood), ३ लङ् (भूतकाल) (Imperfect Tense), ४ विधिलिङ् (आज्ञा या चाहिए अर्थ) (Potential Mood), ५. लृट् (भविष्यत् काल) (Future Tense)।

५. संस्कृत में ८ विभक्तियाँ (कारक) होती हैं। उनके नाम, संक्षिप्त रूप और चिह्न ये हैं :—

	विभक्ति	सं. रूप	कारक	चिह्न	Case
१.	प्रथमा	(प्र०)	कर्ता	—, ने	Nominative
२.	द्वितीया	(द्वि०)	कर्म	को	Accusative
३.	तृतीया	(तृ०)	करण	ने, से, द्वारा	Instrumental
४.	चतुर्थी	(च०)	संप्रदान	के लिए	Dative
५.	पचमी	(पं०)	अपादान	से	Ablative
६.	षष्ठी	(ष०)	संबन्ध	का, के, की	Genitive
७.	सप्तमी	(स०)	अधिकरण	में, पर	Locative
८.	संबोधन	(सं०)	संबोधन	हे, अये, भोः	Vocative

अभ्यास १

शब्दावली—उपाध्यायः—अध्यापक, teacher, शिष्यः—विद्यार्थी, student, सज्जनः—सज्जन, a gentle man, दुर्जनः—दुष्ट, a wicked person, प्रश्नः - प्रश्न, question, वृक्षः—पेड़, tree, प्रासादः—महल, palace, सेव्—सेवा करना, to serve, लभ्—पाना, to obtain, वृध्—बढ़ना, to prosper.

सेव्—लट्			आत्मनेपद	लट् के संक्षिप्त रूप		
सेवते	सेवेते	सेवन्ते	प्र० पु०	अते	एते	अन्ते
सेवसे	सेवेथे	सेवध्वे	म० पु०	असे	एथे	अध्वे
सेवे	सेवावहे	सेवामहे	उ० पु०	ए	आवहे	आमहे

सूचना—भ्वादिगण की आत्मनेपदी धातुओं में लट् में ये संक्षिप्त रूप लगेंगे।

नियम १—(प्रथमा) कर्त्रा (व्यक्तिनाम, वस्तुनाम आदि) में प्रथमा होती है। शिष्यः पठति। शिष्यः उपाध्यायं सेवते। सज्जनः वर्धते।

नियम २—(संबोधन) किसी को संबोधन करने (पुकारने) में संबोधन विभक्ति होती है। जैसे—हे राम !, हे कृष्ण !।

नियम ३—(प्रथम पु०) भवत् (आप) शब्द के साथ प्रथम पुरुष होता है। भवान् वर्धते—आप बढ़ते हैं। भवती सेवते—आप सेवा करती हैं।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

शिष्यः उपाध्यायं सेवते। त्वं सज्जनं सेवसे। भवान् सुखं लभते। अहं गुरुं सेवे। वयं सुखं लभामहे। हे शिष्य, किं त्वं जनकं सेवसे ? आम्, अहं जनकं सेवे। गुरुः शिष्यं प्रश्नं पृच्छति। वृक्षे खगाः सन्ति। धनिकः प्रासादे निवसति।

संस्कृत बनाओ :—

वह गुरु की सेवा करता है .....

मैं पिता की सेवा करता हूँ .....

तू धन पाता है (लभ्) .....

हम सब सुख पाते हैं (लभ्) .....

सज्जन सदा बढ़ता है (वृध्) .....

दुर्जन दुःख पाता है (लभ्) .....

अध्यापक शिष्य से प्रश्न पूछता है .....

पेड़ पर पक्षी हैं .....

महल में धनिक रहते हैं .....

आप सुख पाते हैं (लभ्) .....

हे शिष्य, तू क्यों नहीं पढ़ता है ? .....

इन वाक्यों को शुद्ध करो :—

स गुरोः सेवति .....

वयं सुखं लभामः .....

गुरुः शिष्यात् प्रश्नं पृच्छसि .....

भवान् सुखं लभसे .....

लभ् और वृध् धातु के लट् (आ०) के रूप लिखो :—

लभते .....प्र० पु० वर्धते .....

.....म० पु० .....

.....उ० पु० .....

दिनाङ्क .....हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य .....

अभ्यास २

शब्दावली—अध्ययनम्– पढ़ना, to study, कार्यम्—काम, work, धनम्—धन, wealth, फलम्—फल, fruit, क्षेत्रम्—खेत, field, मुद्–प्रसन्न होना, to rejoice, सह्—सहना करना, to endure, याच्—माँगना, to beg,

सेव्—लोट्			आत्मनेपद		लोट् के संक्षिप्त रूप	
सेवताम्	सेवेताम्	सेवन्ताम्	प्र०	अताम्	एताम्	अन्ताम्
सेवस्व	सेवेथाम्	सेवध्वम्	म०	अस्व	एथाम्	अध्वम्
सेवै	सेवावहै	सेवामहै	उ०	ऐ	आवहै	आमहै

सूचना—भ्वादि० आत्मनेपदी धातुओं में लोट् में ये संक्षिप्तरूप लगेंगे।

नियम ४—(द्वितीया) कर्म कारक में द्वितीया होती है। पुस्तकं पठ। त्वं गुरुं सेवस्व। धनम् इच्छ। फलं भक्षय। सत्यं वद।

नियम ५–(द्वितीया) अभितः, उभयतः परितः, सर्वतः, प्रति, धिक् और विना के साथ द्वितीया होती है। ग्रामम् अभितः उभयतः वा क्षेत्राणि सन्ति—गाँव के दोनों ओर खेत हैं। विद्यालयं परितः सर्वतः वा पुष्पाणि सन्ति—विद्यालय के चारों ओर फूल हैं। ग्रामं प्रति गच्छति गाँव की ओर जाता है। दुर्जनं धिक्। श्रमं विना न सुखम्।

नियम ६- सर्वनाम और विशेषण शब्दों का वही लिंग, विभक्ति और वचन होता है, जो विशेष्य का होता है। सः शिष्यः। सा छात्रा। तत् फलम्। एकं पुस्तकम्। तं बालकम्। सुन्दरं फलम्।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

अध्ययनं कुरु। कार्यं कुरु। धनम् इच्छ। फलं भक्षय। क्षेत्रे वृक्षाः सन्ति। त्वं मोदस्व। दुर्जनः दुःखं सहताम्। त्वं धनं न याचस्व।

संस्कृत बनाओ :—

शिष्य गुरु की सेवा करे .....

तू पिता की सेवा कर .....

सदा सत्य बोलो .....

गाँव के चारों ओर खेत हैं .....

विद्यालय के दोनों ओर फूल हैं .....

काम करो और सुख पाओ (लभ्) .....

फल खाओ और प्रसन्न होओ (मुद्) .....

दुर्जन दुःख सहे .....

तुम धन मत माँगो (याच्) .....

धन चाहो और बढ़ो (वृध्) .....

परिश्रम के बिना सुख नहीं है .....

रिक्त स्थानों में लोट् के रूप भरो :—

त्वं गुरुं .....(सेव्) । अहं सुखं ..... (लभ्) ।

सज्जनः .....(वृध्) । त्वं .....(मुद्) ।

अहं धनं न ..... (याच्) । दुर्जनः दुःखं ..... (लभ्) ।

वयं जनकं ..... (सेव्) । यूयं धनं .....(लभ्) ।

सह् और मुद् धातु के लोट् (आ०) के रूप लिखो :—

सहताम् ..... प्र० मोदताम् .....

..... म० .....

..... उ० .....

दिनाङ्कः ..... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य .....

अभ्यास ३

शब्दावली —क्रीड—खेल, game, अजा—बकरी, she-goat, सुधा—अमृत, nectar, वसुधा पृथ्वी, earth, शिक्षा—शिक्षा, education, निशा—रात्रि, night, वृत्—होना, to be, कूर्द्—कूदना, to jump, शिक्ष्—सीखना, to learn, शुभ्—शोभित होना, to shine

नियम ७ द्वितीया) गमन (चलना, जाना अर्थ की धातुओं के साथ द्वितीया होती है। विद्यालयं गच्छति। गृहम् अगच्छत्।

नियम ८—(द्वितीया) अन्तरा और अन्तरेण के साथ द्वितीया होती है। गङ्गां यमुनां च अन्तरा प्रयागः अस्ति—गंगा और यमुना के बीच में प्रयाग है। परिश्रमम् अन्तरेण न सुखम्—परिश्रम के बिना सुख नहीं।

सेव्—लङ्			आत्मनेपद		संक्षिप्त रूप	
असेवत	असेवेताम्	असेवन्त	प्र०	अत	एताम्	अन्त
असेवथाः	असेवेथाम्	असेवध्वम्	म०	अथाः	एथाम्	अध्वम्
असेवे	असेवावहि	असेवामहि	उ०	ए	आवहि	आमहि

सूचना—धातु से पहले 'अ' लगेगा। भ्वादि० आ० के लङ् में ये सं० रूप लगेंगे।
इन वाक्यो को ध्यान से पढ़ो :—

रमा मातरम् असेवत। सुधा संस्कृतम् अशिक्षत। अजा क्षेत्रे अकूर्दत। उमायाः क्रोडां पश्य। देवा सुधाम् अपिबन्। वसुधायां जीवाः वसन्ति। भारती शिक्षाम् अलभत। निशायां चन्द्रः अशोभत। क. तत्र अवर्तत? सरला। अहम् अत्र वर्ते।

रमा शब्द के इन विभक्तियों में रूप लिखो :—

.....द्वि०.....च०

.....ष०.....स०

संस्कृत बनाओ :—

बालिकाओं का खेल देखो .....

बकरी खेत में कूद रही है .....

देवों ने अमृत पिया .....

पृथ्वी पर मनुष्य रहते हैं .....

मैंने विद्यालय में शिक्षा पाई .....

रात में चन्द्र शोभित होता है .....

मैं यहाँ हूँ .....

तुम कहाँ हो ? .....

वहाँ कौन था ? .....

मैं आज विद्यालय गया था .....

गंगा और यमुना के बीच में प्रयाग है .....

विद्या के बिना सुख नहीं .....

कोष्ठ में दिए शब्दों में से उचित शब्द छाँटकर भरो :—

अजा क्षेत्रे ..... (अकूर्ईथाः, अकूर्दत) ।

अहं विद्यालये शिक्षाम् ..... (अलभे, अलभत) ।

अहम् अत्र ..... (वर्तते, वर्तसे, वर्ते) ।

तत्र कः ..... (अवर्तथाः, अवर्तत) ।

वृत् और शिक्ष् (आ०) के लङ् के रूप लिखो : -

अवर्तत ..... प्र० अशिक्षित .....

..... म० .....

..... उ० .....

दिनाङ्क ..... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य .....

अभ्यास ४

शब्दावली—अग्निः—आग, fire, गिरिः—पहाड़, mountain, रविः—सूर्य, sun, यतिः—संन्यासी, an ascetic, ईक्ष्—देखना, to see, वन्द्—प्रणाम करना, to salute.

नियम ९—(द्वितीया) समय और स्थान की दूरी के वाचक शब्दों में द्वितीया होती है। पञ्च दिनानि पठति—पाँच दिन तक पढ़ता है। क्रोशं गच्छति – कोस भर जाता है।

नियम १०—(द्वितीया) इन धातुओं के साथ दो कर्म होते हैं :—दुह् (दुहना), याच् (माँगना), प्रच्छ् (पूछना), ब्रू (कहना), जि (जीतना), नी, हृ, कृष्, वह् (चारों का अर्थ है, ले जाना)। गां दुग्धं दोग्धि—गाय का दूध दुहता है। नृपं धनं याचते—राजा से धन माँगता है। गुरुं प्रश्नं पृच्छति। शिष्यं धर्मं ब्रवीति – शिष्य को धर्म बताता है। रामं शतं जयति —राम से सौ रुपए जीतता है। अजां ग्रामं नयति, हरति, कर्षति, वहति वा—बकरी को गाँव में जाता है।

सेव्—विधिलिङ्			आत्मनेपद		संक्षिप्त रूप	
सेवेत	सेवेयाताम्	सेवेरन्	प्र०	एत	एयाताम्	एरन्
सेवेथाः	सेवेयाथाम्	सेवेध्वम्	म०	एथाः	एयाथाम्	एध्वम्
सेवेय	सेवेवहि	सेवेमहि	उ०	एय	एवहि	एमहि

सूचना —भ्वादि० आ० के विधिलिङ् में ये संक्षिप्त रूप लगेंगे।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो : -

शिष्यः हरिं सेवेत। बालकः अग्निम् ईक्षेत। बालिकाः गिरिम् ईक्षेरन्। यतिः रविं वन्देत। वन्दे मातरम्। अहं जनकं मातरं च सेवेय।

संस्कृत बनाओ :—

बालिका आग को देखे ....

बालक पहाड़ को देखे ....

सूय आकाश में चमके (शुभ्) ....

यति ईश्वर को नमस्कार करे (वन्द्) ....

वह दस दिन तक पढ़ता है ....

वह कोस भर चलता है (चल्) ....

गोपाल गाय का दूध दुहता है ....

याचक राजा से धन माँगता है ....

शिष्य गुरु से प्रश्न पूछता है ....

गुरु शिष्य को धर्म बताता है ....

कृष्ण राम से सौ रु० जीतता है ....

रमेश बकरी को गाँव में ले जाता है ....

इन प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दो :—

शिष्यः कं सेवेत ? ....

बालकः कम् ईक्षेत ? ....

कः ग्रामम् अजां नयति ? ....

कः शिष्यं धर्मं ब्रवीति ? ....

ईक्ष् और वन्द् धातु (आ०) के विधिलिङ् के रूप लिखो :—

ईक्षेत	प्र०	वन्देत ....
....	म०	....
....	उ०	....

दिनाङ्क .... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य ....

अभ्यास ५

शब्दावली—शिशुः—बच्चा, an infant, शत्रुः—शत्रु, enemy, पशुः—जानवर, animal, तरुः—वृक्ष, tree, भाष्—कहना, to tell, यत् - यत्न करना, to try, कम्प्—काँपना, to tremble.

नियम ११ (तृतीया) करण कारक में तृतीया होती है और कर्मवाच्य या भाववाच्य में कर्ता में। कन्दुकेन क्रीडति। दण्डेन गच्छति। लेखन्या लिखति। रामेण भोजनं खादितम्—राम ने खाना खाया।

नियम १२—(तृतीया) साथ अर्थ वाले सह, साकम्, सार्धम् के साथ तृतीया होती है। जनकेन सह, साकं सार्धं वा गृहं गच्छति।

सेव्—लृट्

आत्मनेपद				संक्षिप्त रूप		
सेविष्यते	सेविष्येते	सेविष्यन्ते	प्र०	इष्यते	इष्येते	इष्यन्ते
सेविष्यसे	सेविष्येथे	सेविष्यध्वे	म०	इष्यसे	इष्येथे	इष्यध्वे
सेविष्ये	सेविष्यावहे	सेविष्यामहे	उ०	इष्ये	इष्यावहे	इष्यामहे

सूचना—(१) कुछ धातुओं में इष्यते वाले रूप लगते हैं और कुछ में स्यते स्येते आदि बिना इ वाले रूप लगते हैं। (२) भ्वादि० आत्मने० के लृट् में ये संक्षिप्त रूप लगते हैं। (३) इन धातुओं के लृट् प्र० पु० एक० में ये रूप बनते हैं। सं० रूप लगाकर रूप बनावें। वृध्—वर्धिष्यते, मुद्—मोदिष्यते, सह्—सहिष्यते, याच् - याचिष्यते, वृत् - वर्तिष्यते, कूर्द्—कूर्दिष्यते, शिक्ष्—शिक्षिष्यते, लभ्—लप्स्यते, भाष्—भाषिष्यते।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

शिशुः मोदिष्यते। शत्रुः कम्पिष्यते। पशुः कूर्दिष्यते। छात्रः यतिष्यते। तरुः वर्धिष्यते। गुरुः भाषिष्यते। शत्रुः दुःखं सहिष्यते। अहं धनं लप्स्ये।

संस्कृत बनाओ : —

शिशु धन पाएगा.....

शत्रु दुःख सहेगा.....

पशु खेत में कूदेगा.....

वृक्ष वेग से काँपेगा.....

गुरु सत्य कहेगा.....

शिष्य यत्न करेगा.....

राम गेंद से खेलेगा.....

वह कलम से लिखेगा.....

क्या राम ने खाना खाया ?.....

बालक पिता के साथ घर गया.....

शिष्य गुरु की सेवा करेगा.....

मैं संस्कृत लिखूँगा.....

इन वाक्यों को शुद्ध करो :—

शिशुः धनं लभिष्यते.....

गुरुः सत्यं भाषिष्यति.....

स लेखन्या लिखिष्यति.....

अहं संस्कृतं शिक्षिष्यामि.....

भाष् और यत् धातु (आ०) के लृट् के रूप लिखो :—

भाषिष्यते.....प्र० यतिष्यते.....

.....म०.....

.....उ०.....

दिनाङ्कः.....हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास ६

शब्दावली--कर्तृ--करने वाला, doer, हर्तृ—चुराने वाला, thief, वक्तृ—बोलने वाला, speaker, अध्येतृ—विद्यार्थी, student, द्रष्टृ—दर्शक, spectator, त्वदीयः—तेरा, your, मदीयः—मेरा, mine, स्वकीयः--अपना, own, परकीयः—पराया, of others, भवदीयः--आपका, your, लभ्--पाना, to obtain.

नियम १३—(तृतीया) किम्, किं कार्यम्, कः अर्थः, किं प्रयोजनम् (क्या लाभ) के साथ तृतीया होती है। दुर्जनेन पुत्रेण किं, किं कार्यम् कोऽर्थः, किंप्रयोजनम् (दुर्जन पुत्र से क्या लाभ)।

नियम १४--(तृतीया) अलम् (बस, मत) के साथ तृतीया होती है। अलं विवादेन-झगड़ा मत करो। अलं हसितेन--मत हँसो।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :--

संसारस्य कर्ता ईश्वरः अस्ति। पुस्तकस्य हर्ता दुःखं लभते। अध्येता सुखम् अलभत। वक्ता अभाषत। द्रष्टा कौतुकम् ईक्षते। एतानि त्वदीयानि पुस्तकानि सन्ति, इमानि च मदीयानि। स्वकीयं पाठं पठ। परकीयं वस्तु न चोरय। अहं भवदीयः सखा अस्मि।

कर्तृ (पुं०) शब्द के इन विभक्तियों के रूप लिखो: --

.....प्र०.....द्वि०

.....तृ०.....च०

.....ष०.....स०

संस्कृत बनाओ :—

इस संसार का कर्ता ईश्वर है .....

धन का हर्ता दुःख पाता है.....

वक्ता आदर को पाता है .....

पढ़ने वाले सदा सुख पाते हैं.....

दर्शक खेल देखते हैं .....

ये तेरी पुस्तकें हैं .....

वे मेरी पुस्तकें हैं .....

अपनी पुस्तकें वहाँ लाओ .....

पराया धन न चुराओ.....

आपका मित्र द्वार पर है.....

दुर्जन शिष्य से क्या लाभ ?.....

झगड़ा मत करो.....

रिक्त स्थानों को भरो :—

.....सुखं लभते । द्रष्टारः क्रीडाम् ..... ।

.....दुःखम् अलभत । वक्तारः आदरम् ..... ।

अहं ..... मित्रम् अस्मि । स्वकीयं पुस्तकम् अत्र..... ।

मूर्खेण पुत्रेण..... । अलं ..... ।

लभ् (आ०) धातु के लोट् और लङ् के रूप लिखो :—

लभताम्..... प्र० अलभत .....

..... म०.....

.....उ०.....

दिनाङ्क..... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास ७

शब्दावली—भगवत्—भगवान्, God, श्रीमत्- श्रीमान्, Sir, wealthy, गुणवत्—गुणवान्, virtuous, बुद्धिमत्—बुद्धिमान्, wise, श्वेतः—सफेद, white, कृष्णः—काला, black, हरितः—हरा, green, नीलः—नीला, blue, रक्तः—लाल, red, पीतः—पीला, yellow, वृध्—बढ़ना, to prosper, to increase.

नियम १५—(तृतीया) अंग-विकार होने पर विकृत अग में तृतीया होती है। नेत्रेण काणः—एक आँख से काना। कर्णेन बधिरः कान से बहरा।

नियम १६—(तृतीया) प्रकृति आदि क्रिया-विशेषण शब्दों में तृतीया होती है। प्रकृत्या साधुः स्वभाव से सज्जन। सुखेन जीवति—सुख से जीता है। दुःखेन विद्यां लभते—दुःख से विद्या पाता है।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

भगवन्तं भज। श्रीमते नमः। गुणवन्तः सदा वर्धन्ते। बुद्धिमतां कीर्तिः वर्धते। इदं वस्त्रं श्वेतं वर्तते, तत् च कृष्णम् : रमायाः शाटिका हरिता वर्तते, सुशीलायाः च नीला। एतस्य पुस्तकस्य मुखपृष्टं रक्तं वर्तते, तस्य च पीतम्।

हिन्दी में अर्थ लिखो :—

बुद्धिमतः यशः अवर्धत.....

गुणवन्तः स्वगुणैः कीर्तिं लभन्ते.....

दुर्जनेन शिष्येण को लाभः.....

नरः दुःखेन विद्यां लभते:.....

संस्कृत बनाओ :—

श्रीमान् लोग सदा सुख पाते हैं.....

गुणवान् का सर्वत्र आदर होता हैं.....

बुद्धिमान् की कीर्ति सदा बढ़ती है.....

भगवान् को भजो.....

राम का वस्त्र पीला है.....

रमा की साड़ी नीली है.....

मेरी पुस्तक का मुखपृष्ठ हरा है.....

सुशीला की साड़ी काली है.....

बन्दर का मुँह लाल होता है.....

कौवा आँख से काना है.....

सेवक कान से बहरा है.....

राम स्वभाव से सज्जन है.....

कोष्ठ में दिए शब्दों में से उचित शब्द छाँट कर भरो :—

बुद्धिमन्तःबुद्ध्या.....। (अवर्धत, अवर्धन्त)

गुणवन्तः गुणैः.....। (वर्धेयुः वर्धेरन्)

अहं.....मित्रम् अस्मि। (भवदीयः, भवदीयम्)

अध्येतारः शीलेन.....। (वर्धते, वर्धन्ते)

वृध् धातु के लट् और विधिलिङ् में रूप लिखो :—

वर्धते..... प्र० वर्धेत.....

..... म० .....

..... उ० .....

दिनाङ्क..... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास ८

शब्दावली – गच्छत्—जाता हुआ, going, पठत्—पढ़ता हुआ, studying, लिखत् - लिखता हुआ, writing, हसत्—हँसता हुआ, laughing, पिबत् – पीता हुआ, drinking, खादत्—खाता हुआ, eating, उच्चः—ऊँचा, high, नीचः—नीचा' low, दीर्घः—लम्बा, long, लघुः—छोटा, small, मुद् – प्रसन्न होना, to rejoice.

नियम १७—(चतुर्थी) संप्रदान कारक (दान देना आदि) में चतुर्थी होती है। ब्राह्मणाय धनं ददादि। बालकाय मोदकं यच्छति।

नियम १८ - (चतुर्थी) नमः और स्वस्ति के साथ चतुर्थी होती है। गुरवे नमः। पित्रे नमः। शिष्याय स्वस्ति। पुत्राय स्वस्ति।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

गच्छन्तं सिंह पश्य। पठते बालकाय मोदकं यच्छ। लिखते शिष्याय फलं देहि। छात्राः धावन्ति। बालकाः जलं पिबन्तः तिष्ठन्ति। भोजनं खादतां नराणां समूहः अत्र वर्तते। इदं गृहम् उच्चं वर्तते, तत् च नीचम्। तत् वस्त्रं दीर्घं वर्तते, इदं च लघु। छात्राः हर्षेण मोदन्ते। बालिकाः अमोदन्त।

गच्छन् शब्द (पुं०) के इन विभक्तियों में रूप लिखो :—

गच्छन्	प्र०	द्वि०
.....	च०	पं०
.....	ष०	स०

संस्कृत बनाओ :—

जाते हुए व्याघ्र को देखो.....

पढ़ते हुए छात्र कः फल दो.....

लिखते हुए बालक को पुस्तक दो.....

हँसते हुए बालक की यह पुस्तक है.....

बालक फल खाते हुए खड़े हैं.....

जल पीते हुए जनों का समूह वहाँ है.....

इन बालकों को लड्डू दो.....

उन छात्रों को फल दो.....

गुरु को नमस्कार.....

शिष्य को आशीर्वाद.....

पिता को नमस्कार.....

वह मकान ऊँचा है.....

इन प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दो :—

तव वस्त्रं कीदृशं वर्तते ?.....

त्वं कस्यां कक्षायां पठसि ?.....

किं त्वं प्रतिदिनं व्यायाम करोषि ?.....

किं त्वं प्रतिदिनं स्वपाठं स्मरसि ?.....

मुद् धातु के लोट् और लृट् के रूप लिखो —

मोदताम्.....प्र० मोदिष्यते.....

.....म० .....

.....उ० .....

दिनाङ्क.....हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास १०

शब्दावली—पथिन्—मार्ग, way, उष्णम्—गर्म, hot, शीतलम्—ठंडा, cold, कोमलम्—कोमल, soft, तीक्ष्णम्—तीखा, तेज, sharp, समीचीनम्—अच्छा, good, शोभनम्—अच्छा, good, याच्—माँगना, to beg,

नियम २१—(चतुर्थी) क्रुध् (क्रोध करना), द्रुह् (द्रोह करना), ईर्ष्य् (ईर्ष्या करना) और असूय (दोष निकालना) अर्थ की धातुओं के साथ जिस पर क्रोध किया जाय, उसमें चतुर्थी होती है। रामः दुर्जनाय (दुर्जन पर), क्रुध्यति, द्रुह्यति, ईर्ष्यति, असूयति।

नियम २२—(क्तवतु प्रत्यय) भूतकाल अर्थ में धातु से क्तवतु प्रत्यय होता है। इसका तवत् शेष रहता है। क्त प्रत्यय लगाकर जो रूप बनता है, उसमें बाद में 'वत्' और जोड़ देने से तवत् प्रत्यय वाला रूप बनता है। तवत् प्रत्यय कर्तृवाच्य में होता है, अतः तवत्—प्रत्ययान्त के लिंग, विभक्ति और वचन कर्ता के तुल्य ही होंगे। कर्ता में प्रथमा, कर्म में द्वितीया, क्रिया कर्ता के तुल्य। तवत्—प्रत्ययान्त के रूप पुं० में भगवत् के तुल्य, स्त्री० में ई लगाकर नदी के तुल्य और नपुं० में जगत् के तुल्य। जैसे—ते पुस्तकानि पठितवन्तः। स कार्यकृतवान्। बालिकाः ग्रामं गतवत्यः।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

नृपः चौराय क्रुध्यति। स लेखं लिखितवान्। बालिका लेखं लिखितवती। शिष्यः पुस्तकं पठितवान्। पत्रं पतितवत्। शोभनेत पथा गच्छ। उष्णं भोजनं भक्षय। शीतलं जलं पिब। मधुर कोमलं च वद, तीक्ष्णं कदापि न वद। निर्धनः धनिनं धनम् अयाचत।

संस्कृत बनाओ :—

राजा दुर्जन पर क्रोध करता है.....

गुरु शिष्य पर क्रोध करता है.....

यह अच्छा मार्ग है.....

अच्छे मार्ग से चलो.....

उसने गर्म खाना खाया.....

उसने ठंडा पानी पिया.....

पुष्प का पत्र कोमल है.....

तीक्ष्ण वचन न कहो.....

सदा अच्छा कार्य करो.....

निर्धन धनी से धन माँगता है.....

बालकों ने पुस्तकें पढ़ीं.....

बालिकाओं ने लेख लिखा.....

रिक्त स्थानों को भरो :—

निर्धनः ..... धनम् अयाचत । ..... धनं याचते ।

भिक्षुकः नृपं ..... । अहं कृपणं धनं न ..... ।

बालकाः ग्रामं ..... । सा कार्यं ..... ।

ते पुस्तकानि ..... । शिष्यः लेखं ..... ।

याच् धातु (आ०) के विधिलिङ् और लृट् में रूप लिखो : –

याचेत..... प्र० याचिष्यते.....

..... म०.....

.....उ०.....

दिनाङ्क..... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास ११

शब्दावली—नदी—नदी, river, सुलेखः—सुलेख, good-hand writing, श्रुतलेखः—इमला, dictation, परिणामः—परिणाम, result, परीक्षा-परीक्षा, examination, अवकाशः—छुट्टी, holiday, अनुशासनम्—अनुशासन, discipline, नी—ले जाना, to carry.

नियम २३—चतुर्थी कथ् (कहना) और निवेदय (निवेदन करना) धातुओं के साथ चतुर्थी होती है। शिष्याय कथयति शिष्य से कहता है। गुरवे निवेदयति—गुरु से निवेदन करता है।

नियम २४—(शतृ प्रत्यय) 'रहा है', 'रहा था' आदि 'रहा' वाले अर्थ को बताने के लिए शतृ प्रत्यय होता है। शतृ का अत् शेष रहता है। यह परस्मैपदी धातु के लट् के स्थान पर होता है। धातु के लट् प्र० पु० बहुवचन के रूप में से अन्तिम इ और बीच के न् को हटाने से शतृ-प्रत्यय वाला रूप शेष रहता है। इसके रूप पुं० में गच्छत् के तुल्य, स्त्री० में ई लगाकर नदीवत् और नपुं० में जगत् के तुल्य। जैसे—गम्—गच्छत्, पठ्—पठत् लिख्—लिखत्, कृ—कुर्वत्, पा (१)—पिबत्, दृश्—पश्यत्।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :-

नदी वहति। नद्यां स्नानं कुरु। नद्याः जलं स्वच्छं वर्तते। सुलेखं लिख। शुद्धं श्रुतलेखं लिख। मम परीक्षायाः परिणामः शोभनः वर्तते। अद्य अवकाशः अस्ति। अनुशासनं पालय। शिष्यः पशुं गृहम् अनयत्। गच्छन्तं सिंह पश्य। पठते लिखते च बालकाय फलं यच्छ।

नदी शब्द के इन विभक्तियों के रूप लिखो :—

.....प्र० .....द्वि०

.....ष० .....स०

संस्कृत बनाओ :—

नदी का जल स्वच्छ है.....

नदी में प्रतिदिन स्नान करो.....

नदी बह रही है.....

सदा सुलेख लिखो.....

शुद्ध इमला लिखो.....

मेरी परीक्षा कल है.....

मेरा परीक्षा-परिणाम अच्छा है.....

गुरु ने शिष्य से कहा है.....

शिष्य गुरु से निवेदन करता है.....

जाते हुए बालक को देखो.....

पढ़ते हुए छात्र को फल दो.....

बालक बैल को घर ले जाता है.....

कोष्ठ में दिए शब्दों में से उचित शब्द को छाँट कर भरो :—

शिष्यः अजां ग्रामम्..... (अनय, अनयत्)।

भृत्यः पशुं गृहम्..... (नय, नयतु, नयन्तु)।

पठते..... फलं यच्छ (छात्रम्, छात्राय)।

यूयम् अनुशासनं..... (पालय, पालयत)।

नी धातु (उभय०) के लङ् के रूप लिखो :—

अनयत्.....प्र० अनयत.....

.....म०.....

.....उ०.....

दिनाङ्क.....हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास १२

शब्दावली—वधू—वहू, wife, तनूः—शरीर, body, चमूः—सेना, army, संचिका—कापी, exercise book, कर्गदम्—कागज, paper, पृष्ठम्—पृष्ठ, page, लेखनी—कलम, pen, धारा लेखनी—फाउन्टेनपेन, fountain pen, हृ—ले जाना, चुराना, to carry, to steal.

नियम २५—चतुर्थी) जिस प्रयोजन के लिए जो वस्तु या क्रिया होती है, उसमें चतुर्थी होती है। मोक्षाय हरिं भजति—मोक्ष के लिए हरि को भजता है। शिशुः दुग्धाय क्रन्दति—शिशु दूध के लिए रोता है।

नियम २६—(तुमुन् प्रत्यय) को, के लिए, अर्थ को प्रकट करने के लिए धातु से तुमुन् प्रत्यय होता है। इसका तुम् शेष रहता है। यह अव्यय होता है, अतः इसके रूप नहीं चलते हैं। जैसे—गम्—गन्तुम् (जाने को), पठ्—पठितुम् (पढ़ने को), लिख्—लेखितुम् (लिखने को), कृ—कर्तुम् (करने को), पा (१,—पातुम् (पीने को), दृश् द्रष्टुम् (देखने को)।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

वधूः सुन्दरेण वस्त्रेण शोभते। वस्त्रेण तनूम आच्छादय। चम्वां सैनिकाः भवन्ति। संचिकायां लेखन्या लिख। अस्मिन् कर्गदे धारालेखन्या शोभनं लिख। मम संचिकायां षष्टिः (६०) पृष्ठानि सन्ति चोरः धारालेखनीम् अहरत्। अहं गृहं गन्तुम् इच्छामि। सः इदं कार्यं कर्तुं शक्नोति। अहं भवन्तं द्रष्टुम् इच्छामि।

वधू शब्द के इन विभक्तियों में रूप लिखो :—

..... प्र० ..... द्वि०

..... ष० ..... स०

संस्कृत बनाओ : —

वधू का मुख सुन्दर है.....

कपड़े से शरीर को ढको.....

इस सेना में कितने सैनिक हैं ?.....

बालक ने कापी पर कलम से लिखा.....

फाउन्टेन पेन से कापी पर लिखो.....

मेरी पुस्तक में ६० पृष्ठ हैं.....

चोर ने फाउन्टेनपेन चुराया.....

वह मोक्ष के लिये विष्णु को भजता है.....

बालक दूध के लिए रोता है.....

राम यह काम कर सकता है.....

मैं पिता को देखना चाहता हूँ.....

वह घर जाना चाहता है.....

इन प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दो :—

वधूः केन शोभते ?.....

संचिकायां कया लिख ?.....

तव संचिकायां कति पृष्ठानि सन्ति ?.....

त्वं कं द्रष्टुम् इच्छसि ?.....

हृ धातु (उभय०) के विधिलिङ् के रूप लिखो .—

हरेत्.....प्र० हरेत.....

.....म० .....

.....उ० .....

दिनाङ्क.....हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास १३

शब्दावली—मातृ—माता, mother, क्रीडा—खेल, game, क्रीडकः—खिलाड़ी, player, क्रीडाक्षेत्रम्—खेल का मैदान, play-ground, पादकन्दुकम्—फुटबॉल, football, यष्टिका—हॉकी hockey, आसन्दिका—कुर्सी, chair, लेखनपीठम्—डेस्क, desk, काष्ठासनम्—बेंच, bench, इष्—चाहना, to desire

नियम २७—(पंचमी) अपादान कारक में पंचमी होती है। वृक्षात् पत्रं पतति पेड़ से पत्ता गिरता है।

नियम २८—(क्त्वा प्रत्यय) 'कर' या 'करके' अर्थ में क्त्वा प्रत्यय होता है, इसका त्वा शेष रहता है। यह अव्यय है, इसके रूप नहीं चलते हैं। जैसे-पठ्—पठित्वा (पढ़कर), लिख्—लिखित्वा (लिखकर), कृ—कृत्वा (करके), गम्—गत्वा (जाकर), दा—दत्त्वा (देकर), खाद्—खादित्वा (खाकर), पा—पीत्वा (पीकर), नम्—नत्वा (नमस्कार करके)।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :-

वन्दे मातरम्। मातुः आदरं कुरु। नरः अश्वात् अपतत्। क्रीडाक्षेत्रे क्रीडकाः पादकन्दुकेन यष्टिकाभिः च क्रीडन्ति। छात्राणां क्रीडां पश्य। गुरुः आसन्दिकायाम् उपविशति। छात्राः काष्ठासने उपविशन्ति। लेखनपीठे तेषां पुस्तकानि सन्ति। रामः पाठं पठित्वा, लेखं लिखित्वा, भोजनं खादित्वा, जलं पीत्वा, मातरं नत्वा च विद्यालयं गच्छति।

मातृ शब्द के इन विभक्तियों में रूप लिखो :—

.....प्र० .....द्वि०

.....ष० .....स०

संस्कृत बनाओ :—

माता की वन्दना करता हूँ.....

सदा माता का आदर करो.....

पेड़ से पत्ता गिरा.....

खिलाड़ी खेल के मैदान में खेल रहा है.....

छात्र फुटबाल और हॉकी से खेल रहे हैं.....

अध्यापक कुर्सी पर बैठा है .....

मैं बेंच पर बैठा हूँ.....

डेस्क पर मेरी पुस्तकें हैं.....

अपना पाठ पढ़ कर विद्यालय जावो.....

गुरु को नमस्कार कर आसन पर बैठो.....

मैं एक फल चाहता हूँ.....

इन वाक्यों को शुद्ध करो :—

नरः अश्वेन अपतत्.....

अहं फलम् ऐच्छत्.....

ते पुस्तकानि इच्छत.....

मातुः वन्दे.....

इष् धातु (पर०) के लट् और लङ् के रूप लिखो :—

इच्छति..... प्र० ऐच्छत्.....

.....म०.....

.....उ०.....

दिनाङ्कः.....हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास १४

शब्दावली—दिश् दिशा, direction, वस्त्रम्—वस्त्र, clothes, शाटिका—साड़ी, saree, अधोवस्त्रम्—धोती, dhoti, कञ्चुकः—कुर्ता, कमीज, shirt, कम्बलः—कम्बल, blanket, नीशारः—रजाई, quilt, शिरस्कम्—टोपी, cap, स्पृश्—छूना, to touch.

नियम २९—(पंचमी) भय और रक्षा अर्थ की धातुओं के साथ भय के कारण में पंचमी होती है। बालः चोरात् बिभेति—बालक चोर से डरता है। स बालं चोरात् त्रायते—वह बालक को चोर से बचाता है।

नियम ३०—(ल्यप् प्रत्यय) यदि कोई उपसर्ग (प्र, वि, आ, निर्, सम् आदि) धातु से पहले होगा तो त्वा के स्थान पर ल्यप् (य) होगा। जैसे—आदाय (लेकर), आगत्य (आकर), आनीय (लाकर), परिधाय (पहन कर)।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

पूर्वस्यां दिशि सूर्यः उदेति। चतस्रः दिशः सन्ति। बालकः कञ्चुकम् अधोवस्त्रं च धारयति। बालिका शाटिकां परिधाय विद्यालयम् अगच्छत्। शिरसि शिरस्कं धारय। रात्रौ कम्बलेन नीशारेण च आत्मानम् आच्छादय। पुस्तकानि आदाय विद्यालयं गच्छ। गृहम् आगत्य गृहस्य कार्यं कुरु। जलम् आनीय पित्रे देहि। इमानि पुष्पाणि न स्पृश।

दिश् शब्द के इन विभक्तियों के रूप लिखो :—

....प्र० ....द्वि०

....तृ० ....स०

संस्कृत बनाओ :—

पूर्व दिशा में सूर्य उदय होता है.....

दिशाएँ चार हैं.....

बालिका चोर से डरती है.....

राजा बालक को चोर से बचाता है.....

सिर पर टोपी पहनो.....

बालक कुर्ता धोती पहनता है.....

बालिका साड़ी पहनती है.....

रात में कम्बल और रजाई ओढ़ो.....

मुझे एक पुस्तक लाकर दो.....

पुस्तकें लेकर पढ़ने को जाओ.....

यहाँ आकर काम करो.....

मैंने इन फूलों को छूआ.....

रिक्त स्थानों को भरो :—

अहं पुष्पाणि..... । ते फलानि..... ।

इमानि पुष्पाणि न..... । त्वं किमर्थं पुष्पाणि..... ।

बालिका चोरात्..... । स बालं चोरात्..... ।

जलम्.....मह्यं देहि । अत्र..... कार्यं कुरु ।

स्पृश् धातु (पर०) के लङ् और लृट् के रूप लिखो :—

अस्पृशत्..... प्र०स्प्रक्ष्यति.....

.....म०.....

.....उ०.....

दिनाङ्क..... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास १५

शब्दावली—क्षुध्—भूख, hunger, पाचकः—रसोइया, cook, रोटिका—रोटी, bread, सूप—दाल, soup, भक्तम्—भात, rice, शाकः—साग, vegetable, मिष्टान्नम्—मिठाई, sweets, सिता—चीनी, sugar, मोदकः—लड्डू, a kind of sweet, नवनीतम्—मक्खन, butter, घृतम्—घी, ghee, प्रच्छ्—पूछना, to ask,

नियम ३१ - (पंचमी) जिससे विद्या पढ़ी जाती है, उसमें पंचमी होती है। गुरोः पठति—गुरु से पढ़ता है। उपाध्यायात् विद्याम् अधीते—गुरु से विद्या पढ़ता है।

नियम ३२—(तव्य प्रत्यय) 'चाहिए' अर्थ में धातु से तव्य प्रत्यय होता है। तव्य प्रत्यय होने पर कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा और क्रिया कर्म के अनुसार। मया गन्तव्यम्—मुझे जाना चाहिये। त्वया पुस्तकानि पठितव्यानि—तुझे पुस्तकें पढ़नी चाहिएँ। मया कार्यं कर्तव्यम्—मुझे काम करना चाहिए। त्वया मिष्टान्नं खादितव्यम्। तेन दुग्धं पातव्यम्।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

अहं क्षुधा पीडितः अस्मि। पाचकः रोटिकां सूपं भक्तं च पचति। रोटिकां सूपं भक्तं शाकं च खाद। मह्यं मिष्टान्नं मोदकः नवनीतं च रोचन्ते। सूपे घृतं दुग्धे सितां च निक्षिप (डालो)। अहं गुरुं प्रश्नम् अपृच्छम्। सः गुरुं प्रश्नं प्रक्ष्यति। त्वया एतत् कार्यं कर्तव्यम्। त्वया भोजनं खादितव्यम्। मया विद्यालयः गन्तव्यः।

क्षुध् शब्द के इन विभक्तियों के रूप लिखो :—

..... प्र० ..... द्वि०

..... ष० ..... स०

संस्कृत बनाओ :—

वह भिक्षुक भूख से पीड़ित है.....

रसोइया भात और दाल पकाता है.....

रोटी, दाल, भात और साग खाओ.....

बालक को मिठाई अच्छी लगती है.....

लड्डू, घी और मक्खन खाओ.....

दूध में चीनी डालो.....

मैं गुरु से प्रश्न पूछता हूँ.....

राम ने कृष्ण से एक प्रश्न पूछा.....

कृष्ण ने गुरु से विद्या पढ़ी.....

मुझे वहाँ जाना चाहिए.....

तुझे पुस्तकें पढ़नी चाहिएँ.....

तुझे काम करना चाहिए.....

कोष्ठ में दिए शब्दों में से उचित शब्द को छाँटकर भरो :—

अहं..... प्रश्नम् अपृच्छम्। (गुरोः, गुरुम्)

त्वया पुस्तकानि.....। (पठितव्यम्, पठितव्यानि)

.....एतत् कार्यं कर्तव्यम्। (अहम्, मया)

..... मिष्टान्नं रोचते। (बालकम्, बालकाय)

प्रच्छ् धातु पर०) के लङ् और लट् के रूप लिखो :—

अपृच्छत्.....प्र० प्रक्ष्यति.....

.....म०.....

.....उ०.....

दिनाङ्क..... हस्ताक्षरम् उपाध्यायस्य.....

अभ्यास १६

शब्दावली—वारि—जल, water, शुचि--स्वच्छ, पवित्र, pure, सुरभि—सुगन्धित, fragrant, प्रासादः महल, palace, गृहम्—घर, house, द्वारम्—दरवाजा, gate, गवाक्षः—खिड़की, window, प्राङ्गणम्—आंगन, courtyard, भवनपृष्ठम्—छत, roof, सोपानम्—सीढ़ी, stairs, स्था—रुकना, to stand, to stay.

नियम ३३—(पंचमी) जिस वस्तु से किसी को हटाया जाता है, उसमें पंचमी होती है। गोपाल. यवेभ्यः पशुं पारयति निवारयति वा—ग्वाला जौ से पशु को हटाता है। पुत्रं पापात् वारयति।

नियम ३४—(अनीय प्रत्यय) 'चाहिए' अर्थ में धातु से अनीय प्रत्यय होता है। अनीय—प्रत्ययान्त के साथ कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा और कर्म के अनुसार इसके लिंग, विभक्ति, वचन होंगे। मया पुस्तकानि पठितव्यानि। त्वया कार्यं करणीयम्। तेन लेखः लेखनीयः।

इन वाक्यों को ध्यान से पढ़ो :—

शुचि वारि पिब। सुरभि पुष्पं जिघ्र। रामः प्रासादे निवसति। मम गृहं नगरे वर्तते। गृहस्य द्वारम् उद्घाटय। द्वारं पिधेहि (बन्द करो)। गवाक्षं पिधेहि। प्राङ्गणे बालाः क्रीडन्ति। भवनपृष्टे काकाः तिष्ठन्ति.। सोपानेन भवनपृष्टं गच्छ। त्वममैव तिष्ठ।

वारि शब्द के इन विभक्तियों के रूप लिखो :—

.....प्र० .....तृ०

.....पं० .....ष०

संस्कृत बनाओ :—

स्वच्छ जल पीओ.....

राम सुगन्धित फूल सूँघता है.....

कृष्ण महल में रहता है.....

मेरा घर शहर में है.....

दरवाजा खोलो, खिड़की बन्द करो.....

दरवाजा बन्द करो, खिड़की खोलो.....

आँगन में बच्चे खेल रहे हैं.....

छत पर बन्दर बैठे हैं.....

सीढ़ी से छत पर जाओ.....

गुरु शिष्य को पाप से हटाता है.....

